# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ✱ पिपरिया ✱ सोहागपुर ✱ मुलताई ✱ पांढुर्णा ✱ आमला ✱ टिमरनी ✱ खिरकिया

भोपाल 08 अगस्त 2026


## न्यूज कार्नर

### पक्के अतिक्रमण पर चली नपा की जेसीबी

**जागरण नर्मदापुरम।** बारिश के दिनों में स्वच्छता को लेकर नपा का अमला अलर्ट मोड में हैं। शुक्रवार को वक्रतुंड काम्प्लेक्स में नाली चोक की शिकायत पर स्वच्छता टीम व राजस्व की टीम पहुंची और जांच कर जेसीबी की मदद से पक्का अतिक्रमण हटाया गया जिससे काम्पलेक्स की जल निकासी सुचारू हो गई। स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख के सख्त निर्देश पर बारिश में स्वच्छता टीम अलर्ट मोड पर है। उन्होंने बताया कि वक्रतुंड काम्प्लेक्स की नाली पर पक्का अतिक्रमण कर लिया था जिसके चलते वहां गंदगी फैल रही थी। जल निकासी अवरूद्ध हो गई थी। आमजन की शिकायत पर तत्काल जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर पानी निकासी कराई गई। कार्रवाई के दौरान राजस्व शाखा के एआरआई शेख अकबर खान सहित पूरी टीम उपस्थित रही।

### जयहिंद डेरिया का निधन नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि

**जागरण माखननगर ।** मध्य प्रदेश एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष विकल्प डेरिया, कायाकल्प डेरिया के पिताजी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मिलन



डेरिया के चाचा जय हिंद डेरिया का 81 वर्ष की आयु में गुरुवार रात निधन हो गया शुक्रवार को जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जिसमें नगर के गणमान्य, नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिकबंधु एवं स्नेहीजन शामिल हुए। सभी ने मुक्तिधाम में स्वर्गीय जयहिंद डेरिया को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पीएमश्री विद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**जागरण माखननगर।** पीएम श्री शास. उमा विद्यालय बागरातवा में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। में डॉ गौरव भैरूआ व उनकी टीम द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का संपूर्ण परीक्षण किया गया। जिसमें, डेंगू, मलेरिया, ब्लड टेस्ट संपूर्ण जांच, शुगर ओर कम्पलीट बॉडी चेकअप किया गया। सभी विद्यार्थियों को मौसम के हिसाब से कुछ आवश्यक सावधानी व उचित खान-पान (खासतौर से बालिकाओं को लेकर ) हेतु मार्गदर्शन भी दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आए दो कर्मचारी एवं शाला के प्राचार्य एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा बाइक से पहुंचे मूंग उपार्जन केंद्र, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# उपार्जन केंद्रों पर की जाए बारदाने, तौल कांटे और श्रमिकों की पर्याप्त व्यवस्था : कलेक्टर



**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को डोलरिया तहसील के सोमलवाड़ा स्थित सफल एग्रोटेक वेयरहाउस का निरीक्षण कर मूंग उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वेयरहाउस में मूंग फसल की आवक होने के कारण गोदाम तक पहुंचने वाले मार्ग पर अधिक भीड़ और आवाजाही होने से कलेक्टर बाइक पर बैठकर निरीक्षण के लिए वेयरहाउस पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपार्जन कार्य की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपार्जन कार्य विलंब से प्रारंभ होने पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उपार्जन कार्य समय पर प्रारंभ किया जाए जिससे किसानों द्वारा लाई जा रही उपज को शीघ्र ही तौला जा सके। उन्होंने कहा कि मूंग उपार्जन कार्य प्रतिदिन प्रातः 9.30 बजे से हर हाल में प्रारंभ किया जाए तथा किसी भी परिस्थिति में उपार्जन शुरू होने में विलंब नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्र पर किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए केंद्र पर कम से कम पांच तौल कांटे संचालित करने तथा किसानों की बढ़ती आवक को देखते हुए श्रमिकों की संख्या में भी वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपार्जन केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उनकी उपज का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपार्जन सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने कहा कि बारदाने, तौल कांटे एवं श्रमिकों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित सहकारी समिति की होगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह व संबंधित विभागों के अधिकारी एवं उपार्जन केंद्र से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम एवं तहसीलदार ने किया जय महावीर वेयरहाउस का औचक निरीक्षण



**जागरण सोहागपुर।** कलेक्टर नर्मदापुरम् के निर्देशानुसार मूंग उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर प्रभावी नियंत्रण एवं पारदर्शी खरीदी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम डॉ. बबीता राठौर एवं तहसीलदार शक्ति तोमर द्वारा उपार्जन केंद्रों का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रानी पिपरिया स्थित जय महावीर वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मूंग की तौल एवं उपार्जन व्यवस्था का अवलोकन किया गया। किसानों की उपस्थिति में वेयरहाउस एवं समिति प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप केवल गुणवत्तापूर्ण (ख्रक्त) मूंग का ही उपार्जन किया जाए तथा खरीदी प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस परिसर में रखी नॉन एफएक्यू मूंग को पृथक रखकर उसकी ग्रेडिंग कराने तथा ग्रेडिंग उपरांत ही किसानों की मूंग का तौल एवं उपार्जन किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त केंद्र परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, वर्षा से मूंग की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा भंडारित उपज के सुरक्षित रख-रखाव के निर्देश भी दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं तथा उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार शक्ति तोमर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नपा अतिक्रमण दल ने वीआईपी रोड पर मार्ग अवरुद्ध कर रहे तीन ठेले किए जब्त



**जागरण नर्मदापुरम।** नगरपालिका के अतिक्रमण दल द्वारा यातायात सुगम बनाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए वीआईपी रोड से 3 ठेले जब्त किए गए हैं। इससे पूर्व उन्हें कई बार मार्ग अवरूद्ध न करने की समझाइश दी गई थी। अतिक्रमण दल के शेख सिकंदर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख के निर्देशन में नगर की यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को एसएनजी स्कूल, नेहरू पार्क चौराहा और एसपी आफिस चौराहा आदि स्थानों पर मार्ग अवरूद्ध करने वाले फल एवं सब्जी विक्रेताओं को हटाए गए और तीन ठेले जब्त किए गए। साथ ही फल एवं सब्जी विक्रेताओं को अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया। समझाइश दी गई कि अपने निर्धारित स्थान पर ही व्यवसाय करें।

## शांति निकेतन स्कूल में हुआ साइंस एक्जीबिशन का आयोजन



**जागरण नर्मदापुरम।** शांति निकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस एग्जीबिशन को शाला के तीनों विभागों प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश शर्मा प्राचार्य शास. हायर सेकेंडरी स्कूल एसपीएम नर्मदापुरम थे। सर्वप्रथम शाला की चेयरपर्सन ग्रेस जॉर्ज ने मुख्य अतिथि राजेश शर्मा का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने साइंस एग्जीबिशन का उद्घाटन शाला की चेयरपर्सन ग्रेस जॉर्ज एवं शाला के शिक्षक शिक्षकों की उपस्थिति में रिबन काटकर किया। इस साइंस एग्जीबिशन का आयोजन शाला प्राचार्य डॉ के एम जॉर्ज के मार्गदर्शन में एवं शाला की चेयरपर्सन ग्रेस जॉर्ज के निर्देशानुसार किया गया। सभी विभागों के अलग-अलग इंचार्ज बनाए गए । संपूर्ण कार्यक्रम का मैनेजमेंट शाला की शिक्षिका संगीता बोरासी एवं शाला के क्लर्क राजकुमार तिवारी द्वारा किया गया। साइंस एग्जीबिशन में विद्यार्थियों ने वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडलों को प्रदर्शित किया गया। सभी कक्षाओं को विषय वार एवं व्यवस्थित तथा सुसज्जित किया गया इस अवसर पर शाला की चेयरपर्सन ग्रेस जॉर्ज ने साइंस एग्जीबिशन के सफल आयोजन पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मंच संचालन शाला की शिक्षिकाअर्पिता लक्ष्मण द्वारा किया।

## नागद्वारी मेला : पचमढ़ी की वादियों में आज से गूंजेगा हर हर महादेव का जयकारा

**जागरण नर्मदापुरम।** आज से अमरनाथ कहे जाने वाली नागद्वारी यात्रा का शुभारंभ होगा। साथ ही 8 से 17 अगस्त की अवधि तक 10 दिवसीय भव्य नागद्वारी मेले का आयोजन भी जिला प्रशासन के तत्वाधान में किया जाएगा। मेले की समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है तथा ड्यूटी में संलग्न समस्त अधिकारी भी ड्यूटी स्थल पर पहुंच चुके हैं। इस वर्ष नागद्वारी मेले का आयोजन ग्रीन एवं प्लास्टिक मुक्त मेले की थीम पर किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जाए तथा प्लास्टिक की बोतलों एवं अन्य एकल-उपयोग प्लास्टिक सामग्री पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए। जांच स्थल पर यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहनों में कितनी प्लास्टिक की बोतलें मेले में ले जाई जा रही हैं, तथा कोई भी पर्यटक पचमढ़ी क्षेत्र में प्लास्टिक की बोतलें छोड़कर न जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था सभी वाहनों पर समान रूप से लागू होगी, चाहे वे अधिकारियों के ही वाहन क्यों न हों। कलेक्टर ने कहा कि मेला समिति श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करे, जिससे दर्शन एवं यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने मेले के दौरान स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि कचरे के संग्रहण एवं वैज्ञानिक निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेले में श्रद्धालुओं को कपड़े के थैले उपलब्ध कराए जाएं, जिससे प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग को हतोत्साहित किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देशित किया कि मेले के दौरान चिकित्सा दल निरंतर सक्रिय रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं को तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल एवं सुव्यवस्थित मेले का आयोजन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## दो रेत ट्रालियों पर चोरी की धारा में प्रकरण दर्ज

**जागरण सोहागपुर।** पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन के पुराने मामले में बीएनएस सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। ये मामले खनिज अधिकारी नर्मदापुरम के प्रतिवेदन के आधार पर किया है। पुलिस ने बताया कि दो रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों के चालकों एवं मालिकों पर अवैध रेत चोरी एवं सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धाराओं का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। विगत 13 जुलाई को दो ट्रेक्टर अवैध रेत से भरे जप्त किए गए थे। जिसको लेकर खनिज विभाग ने कार्यवाही की है। ट्रैक्टर आयशर 485 के चालक गिरधारी पिता शालक राम निवासी नगतरा, मालिक करण तिवारी पिता प्रेम नारायण तिवारी दीक्षित कॉलोनी सेमरीहरचंद एवं न्यू हालैंड ट्रैक्टर के चालक विशाल पटेल पिता सुरेश, मालिक सुरेश पिता साहब सिंह दोनों निवासी रानीगोहान सोहागपुर के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जांच के दौरान प्रथम आईसर 485 गुर्जरखेड़ी, द्वितीय न्यू हॉलैंड 3630 ग्राम ठीकरी में अवैध परिवहन किया जाना पाया गया। दोनों ही प्रकरण में ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए हैं।

## स्प्रिंगडेल्स की छात्रा प्रांजल श्रीनगर में दिखाएगी अपनी खेल प्रतिभा

**जागरण नर्मदापुरम।** स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल, नर्मदापुरम की छात्रा प्रांजल लुटारे का चयन 29वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय सेपक टकरॉ चैम्पियनशिप के लिए मध्यप्रदेश टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) में आयोजित होगी, जहां देशभर के उत्कृष्ट खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रांजल ने अपनी मेहनत, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन से विद्यालय, नर्मदापुरम एवं पूरे मध्यप्रदेश में हर्ष का वातावरण है। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। डायरेक्टर सुभाशीष चटर्जी, प्राचार्य मोना चटर्जी एवं समस्त स्टाफ ने प्रांजल को हार्दिक बधाई देते हुए उनके



उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को समान महत्व देता है। प्रांजल की सफलता इसी सकारात्मक वातावरण और उनकी अथक मेहनत का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने प्रांजल के प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि प्रांजल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश एवं नर्मदापुरम का नाम गौरवान्वित करेंगी।

## अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत

**जागरण सोहागपुर।** सोहागपुर विकासखंड में घटित अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात सुभाष वार्ड सोहागपुर निवासी राहुल पिता शिव लाल ठाकुर 30 वर्ष ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे प्राथमिक उपचार के लिए सोहागपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। दूसरी घटना ग्राम किशनपुर की है। यहां के निवासी 21 वर्षीय महेश पिता रघुवीर अहिरवार द्वारा खेत में रखी कीटनाशक दवाई खा ली थी। युवक को इलाज के लिए 28 जून को भोपाल अस्पताल ले जाया गया था। शुक्रवार को इलाज के दौरान महेश की भोपाल में मृत्यु हो गई। भोपाल से डायरी प्राप्त होने पर मर्ग कायम किया गया है। तीसरी घटना ट्रेन दुर्घटना से जुड़ी हुई है जिसमें 60 वर्षीय अज्ञात पुरुष की मृत्यु हुई है। रेलवे स्टेशन सोहागपुर के प्वाइंट्समेंन जितेंद्र रघुवंशी के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि किलोमीटर 796/06 सोहागपुर पिपरिया डाउन रोड दिशा दूरी लगभग 1 किलोमीटर पश्चिम में ट्रेन दुर्घटना में अज्ञात पुरुष 60 वर्ष की मृत्यु हो गई है। उक्त तीनों घटनाओं में पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

## जयपुर में आयोजित तैराकी स्पर्धा में एमपी के तैराकों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जागरण नर्मदापुरम।** राजस्थान में आयोजित 42वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने गर्ल्स और बॉयज दोनों वर्गों में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। गर्ल्स कैटेगरी 50 मीटर फ्री स्टाइल मध्य प्रदेश की हार्मनी जैन ने 28.29 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस इवेंट में कर्नाटक की औना अल्वा28.37 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और उन्हें रजत पदक मिला। वहीं कर्नाटक की ही दिशा राजेश होंडी 28.56 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं और कांस्य पदक अपने नाम किया। बॉयज कैटेगरी में 100 मीटर बैकस्ट्रोक मध्य प्रदेश के कृषिव दोषी ने 1.03.83 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस इवेंट में कर्नाटक के एस कृष्ण 1.01.33 सेकंड के साथ पहले स्थान पर रहे और स्वर्ण



पदक जीता। तमिलनाडु के एपी आर्य सथार 1.02.68 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें रजत पदक मिला। एक ही राष्ट्रीय चैंपियनशिप में एमपी के बॉयज और गर्ल्स दोनों ने पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि प्रदेश में तैराकी तेजी से आगे बढ़ रही है। मध्य प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सचिव जय वर्मा एवं कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौड़, शिशुकुंज स्वीमिंग अकादमी के डायरेक्टर मनोज दवे कोच आकाश, वेदांत कस्बे ने हार्मनी जैन और कृषिव दोषी को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिला स्तरीय क्रीड़ा उत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**जागरण सिवनी मालवा।** श्री ज्ञानरत्न अकादमी में शुक्रवार को जिला स्तरीय क्रीड़ा उत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 6 विकासखंडों से आए 180 विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति पवन शुक्ला एवं नपाध्यक्ष रितेश (रिंकू) जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रेमशंकर वर्मा ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और अपने कौशल को निरंतर निखारने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि प्रीति पवन शुक्ला ने कहा कि शतरंज ऐसा खेल है जो बच्चों में तार्किक सोच, धैर्य, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन का महत्वपूर्ण संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि शतरंज हमें सिखाता है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कई बार परिस्थितियों के अनुसार एक कदम पीछे हटना भी आवश्यक होता है।


**बैंक ऑफ़ इंडिया**

आंचलिक कार्यालयः खंडवा अंचल
पं. माखनलाल चतुर्वेदी मार्ग, आनंद नगर, खंडवा (म.प्र.) 450001

**ई-निलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना**
(ई-नीलामी तिथि 25.08.2026, प्रातः 11.00 बजे से 5.00 शाम बजे तक)

हमारी शाखा द्वारा जप्त किये एवं वाहनों का जैसे है जहां है के आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित हैः-

| क्रं. | शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य (लाख रू में) ईएमडी (लाख रू में) |
|---|---|---|---|
| 1 | शाखा नर्मदापुरम प्रदीप कुमार मीना पुत्र रमेश मीना | Hyundai Grand I10 Sports 1.2 MP 05 CB 1416 - (2019) | Rs. 2,56,500/- Rs. 25,650/- |

बोलीवृद्धि राशि रू 10,000.00

**ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें :** 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेवसाइट https://baanknet.com में जाकर देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4 सर्वाधिक/ सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे । 6. अधिकृता , सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं को वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. चल सम्पति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8, अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक में बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिकी की स्थागित करने, टालने रद करने अथवा बिकी की नियम व शर्तो को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9 सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, देयक वहन करना होगा। 10 देय राशि ब्याज और अन्य शुल्को को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संसाधन, त्रुटि सुधार, शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक बोलीकर्ता नियमित रूप से उपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छक बोलीकर्ता को यूजर आईडी व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है । अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आईडी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फर्म में उक्त बोली राशि में न्यूनतन एकबोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थागित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्राधिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य ...... किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

स्थानः खण्डवा
दिनांकः 08.08.2026

अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक,
बैंक ऑफ इंडिया


कार्यकारिणी गठन | लायंस क्लब होशंगाबाद मेन की नवीन कार्यकारिणी गठित

## ला. हरि सिंह चौहान बने अध्यक्ष, पवन शुक्ला को मिली सचिव की जिम्मेदारी

**जागरण नर्मदापुरम।** सामाजिक सेवा एवं मानवता के प्रति समर्पित अग्रणी संस्था लायंस क्लब होशंगाबाद मेन की नवीन कार्यकारिणी का विधिवत गठन स्थानीय आनंदश्री होटल में गरिमामय संस्थापन समारोह के दौरान संपन्न हुआ। समारोह में लायन हरिसिंह चौहान को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, वहीं उनकी टीम को 26-27 सत्र हेतु कार्यभार ग्रहण कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गेट एरिया लीडर लायन मनीष शाह (पिपरिया) उपस्थित रहे। साथ ही संस्थापान अधिकारी एफडीआई एडवाइजर लायन प्रकाश सेठ, पीडीजी लायन दिलीप धारीवाल, इंडक्शन



अधिकारी लायन संजीव मालवीय, रीजन चेयरपर्सन लायन उर्वशी शाह पूर्व केबिनेट सेकेट्री एवं एडिशनल कैबिनेट सेक्रेटरी लायन डी.एस. डांगी, जोन चेयरपर्सन लायन डॉ. जे.पी. मालवीय विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गेट एरिया लीडर लायन मनीष शाह एवं ब्रांड एंबेसडर नर्मदापुरम लायन डीएस डांगी का लायन परिवार द्वारा सम्मान किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष लायन एसके बरेले एवं संरक्षक लायन डॉ अतुल सेठा को विशिष्ट सेवाओं के लिए मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। क्लब के समस्त सदस्यों को पिन लगाकर सम्मानित किया गया। संरक्षक मुन्नालाल जैन, आयोजन समिति अध्यक्ष सुभाष बरेले सचिव लायन आरके गुबरेले सहित समस्त पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष लायन हरिसिंह चौहान के साथ सचिव लायन पवन शुक्ला, कोषाध्यक्ष लायन आरके चौधरी, पूर्व अध्यक्ष निशांत फौजदार, एमओसी लायन ललित सोनी एवं लायन समर्पिता सोनी, तथा सदस्यगण लायन अमोल जैन, लायन देवेंद्र वर्मा, लायन केएस राजपूत, लायन ओपी बावरिया, लायन राकेश चौहान, लायन कामेश जायसवाल, लायन शिवमंगल सिंह चौहान, लायन मोहित चौकसे एवं लायन चंद्रशेखर शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम में लायंस क्लब पिपरिया, बरेली, बाबई, लायंस क्लब होशंगाबाद आयुष एवं भोपाल से आए अतिथियों ने सहभागिता की।

प्रमुख रूप से लायन सुयश कुलश्रेष्ठ, अध्यक्ष लायंस क्लब होशंगाबाद आयुष डॉ. आरके गख्खर, लायन डॉ. शैलेंद्र नेमा (आरसी), लायन मनीष गुप्ता सहित लायन मिथिलेश राजपूत, लायन भारती डांगी, लायन अनुराधा चौधरी, लायन आभा गुबरेले एवं लायन रत्ना बरेले सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### नेवले के हमले से कोबरा लहूलुहान

जागरण, इटारसी। ग्राम तारारोडा में आज तड़के एक सनसनीखेज वाकया सामने आया, जब एक मजदूर परिवार कुत्ते के लगातार भौंकने पर घर से बाहर निकला। बाहर का नजारा देख हर किसी की सांसें थम गईं। सामने करीब 4 फीट लंबा अत्यधिक विषैला इण्डियन ब्लैक कोबरा पड़ा हुआ था, जिसे नेवले ने हमले में बुरी तरह जख्मी कर दिया था। घटना की सूचना सुबह करीब 6:30 बजे ललित चौरे के खेत से तुरंत वन विभाग को दी गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के त्वरित निर्देशन में वन्य जीव अभिरक्षक अभिजीत यादव बिना देरी किए मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

### शराब के नशे में की गाली-गलौज

जागरण, इटारसी। सोनासांवरी में काली मंदिर के पास शराब के नशे में गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। फरियादी मालती सामरे 48 की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी समीर चौरे के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### मकान विवाद पर युवक से मारपीट

जागरण, इटारसी। गांधीनगर में मकान के पुराने विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। फरियादी महक कर्क 18 निवासी गांधीनगर की शिकायत के अनुसार, आरोपी सूरज कर्क निवासी नाला मोहल्ला ने 6 अगस्त की सुबह घर के सामने गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### अर्जुन बने रेल आवास समिति सदस्य

जागरण, इटारसी। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ इटारसी शाखा में अर्जुन उटवार को रेल आवास समिति का सदस्य मनोनीत किया है। यह मनोनयन संघ के मंडल महामंत्री अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष आरके शर्मा और मंडल सचिव कमलेश परिहार के निर्देश एवं आशीर्वाद से हुआ है। मनोनयन पर संघ के पदाधिकारियों, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य संजय कैचे, महाकाल कश्यप, राजेश गौर, नितिन औनकर, संतोष चतुर्वेदी, भगीरथ मीणा, कुंदन अगलावे, गुलाब सरोदे, आर. के. श्रीवास्तव, राजेश यादव, राजेंद्र लोवंशी, देवेंद्र अहिरवार, सुनील लोवंशी और संतोष सेजकर ने बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

### नालंदा में हुई राखी बनाओ प्रतियोगिता

जागरण, इटारसी। लायंस क्लब पंख इटारसी के सदस्यों द्वारा नालंदा मॉडल स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने बच्चों को राखी बनाना सिखाकर अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के दौरान पंख प्रेसिडेंट भारती चौकसे, सचिव पूनम शर्मा, कोषाध्यक्ष अनीता कुंडू सहित अन्य सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**इटारसी का मान :** मुंबई के प्रतिष्ठित आइकॉनिक इंटरनेशनल अवाड्र्स से सम्मानित हुए मेकअप आर्टिस्ट हर्ष

# बॉलीवुड में चमक रहा इटारसी का सितारा असनानी, सेलिब्रिटीज के मेकअप से बनाया मुकाम

जागरण, इटारसी। मायानगरी मुंबई की चकाचौंध भरी दुनिया में छोटे शहरों के युवा अपनी मेहनत और हुनर के दम पर कैसे मील के पत्थर स्थापित कर रहे हैं, इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल इटारसी के हर्ष असनानी ने पेश की है। मुंबई में आयोजित एक भव्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित आइकॉनिक इंटरनेशनल अवाड्र्स में शहर के प्रतिष्ठित एडवांस ज्योति ब्यूटी पार्लर की संचालक के पुत्र हर्ष असनानी को उत्कृष्ट मेकअप आर्टिस्ट्री और कई जाने-माने फिल्म सेलिब्रिटीज का शानदार मेकअप करने के लिए सम्मानित किया गया है। हर्ष की इस बड़ी उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे इटारसी और नर्मदापुरम क्षेत्र में गौरव और खुशी की लहर दौड़ गई है।

### बॉलीवुड हस्तियों का मिला हर्ष को साथ

फिल्म इंडस्ट्री की बड़ी हस्तियों और सेलिब्रिटीज के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए हर्ष बताते हैं कि यह सफर बेहद शानदार रहा है। फिल्म जगत में काम करने वाले सभी कलाकारों और सहयोगियों का रवैया बेहद सपोर्टिव रहा है, जिससे उन्हें हर कदम पर आगे बढ़ने का हौसला मिला।

### सफलता का राज : परिवार का अटूट सहयोग

किसी भी व्यक्ति की सफलता के पीछे उसके अपनों का हाथ होता है। हर्ष अपने इस मुकाम का पूरा श्रेय अपने परिवार को देते हैं। उनका साफ तौर पर कहना है कि परिवार के सहयोग के बिना जीवन में कुछ भी हासिल करना संभव नहीं था। एडवांस ज्योति ब्यूटी पार्लर से जुड़ी उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि और परिवार के समर्थन ने उन्हें हर परिस्थिति में मजबूती दी।

### बचपन की रुचि और मां से मिली प्रेरणा



हर्ष का यह सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। अपनी इस सफलता के पीछे की प्रेरणा को याद करते हुए वे बताते हैं कि उन्हें इस क्षेत्र में आने की प्रेरणा अपनी मां को देखकर मिली। बचपन से ही उनकी इस कला में गहरी रुचि थी और वे बस एक सही समय की तलाश में थे। आखिरकार, उनकी मेहनत और लगन रंग लाई और वह सही वक्त आ गया जब उन्होंने बड़े मंच पर अपनी पहचान बनाई।

### कड़ी मेहनत और ईमानदारी ही है सफलता की कुंजी

मुंबई जैसे महानगर में अपनी एक अलग जगह बनाने और बॉलीवुड इंडस्ट्री में खुद को स्थापित करने के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में हर्ष का नज़रिया बेहद सकारात्मक है। उनका मानना है कि जब इंसान बचपन से ही कड़ा परिश्रम करता है, तो बड़ी से बड़ी बाधाएं भी स्वतः दूर हो जाती हैं। वे कहते हैं, ऐसी कोई खास चुनौती सामने नहीं आई, क्योंकि हमने हमेशा कड़ी मेहनत और ईमानदारी को अपना रास्ता बनाया। जब मेहनत सच्ची हो, तो परिणाम भी हमेशा अच्छे ही आते हैं।

### युवाओं के लिए संदेश और आगे की योजना

ग्लैमर और फैशन इंडस्ट्री में अपना भविष्य तलाशने वाले इटारसी और आसपास के युवाओं के लिए हर्ष का एक सीधा और स्पष्ट संदेश है मेहनत करो, समय कब पलट जाए कुछ नहीं कहा जा सकता। अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए हर्ष का कहना है कि वे अभी फिल्म इंडस्ट्री में ही रहकर पूरी लगन से काम करना चाहते हैं। साथ ही, वे इटारसी के उभरते हुए युवाओं के लिए भी हमेशा तैयार हैं। उनका कहना है कि यदि क्षेत्र का कोई भी मेहनती युवा इस इंडस्ट्री में आता है और उसे मार्गदर्शन या मदद की जरूरत होती है, तो वे हरसंभव सहायता के लिए हमेशा उनके साथ खड़े हैं।

डीजल का 'उबाल' और बढ़ा किराया : बस संचालकों की चार माह पुरानी मांग पूरी

# इटारसी से भोपाल की यात्रा 60 रुपए महंगी, बस यात्रियों की जेब पर डाका

जागरण, इटारसी। डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के बीच मध्य प्रदेश सरकार ने बस संचालकों की चार महीने पुरानी मांग को हरी झंडी दे दी है। 5 अगस्त से प्रदेश में बस किरायों में नई बढ़ोतरी लागू कर दी गई है। बस मालिकों के चेहरे पर तो खुशी लौट आई है, लेकिन रोज सफर करने वाले आम यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों की फजीहत शुरू हो गई है। इटारसी बस स्टैंड से भोपाल, इंदौर, बैतूल और हरदा जैसे बड़े शहरों के लिए सफर करना अब आम नागरिक की जेब पर भारी पड़ रहा है।

### 120 का सफर अब 180 रुपए में

राज्य सरकार द्वारा तय की गई नई दरों के बाद लंबी दूरी के किरायों में 50 से लेकर 100 रुपए तक का भारी इजाफा देखने को मिल रहा है।

**भोपाल का सफर हुआ महंगा :** इटारसी से भोपाल का किराया जो पहले 120 रुपए था, वह 5 अगस्त के बाद सीधे बढ़कर 180 रुपए हो गया है।



### किराया वृद्धि का गणित : कैसे बढ़ा प्रति किमी रेट?

बस संचालकों की मानें तो पिछले कई महीनों से डीजल के दाम बढ़ने के कारण बसें चलाना घाटे का सौदा साबित हो रहा था।

- >> **लोकल/ग्रामीण रूट :** प्रति किमी 1.25 की दर से न्यूनतम वृद्धि।
- >> **लंबी दूरी के शहर :** प्रति किलोमीटर 2.00 की दर से नया किराया तय।
- >> **बस संचालन :** इटारसी बस स्टैंड से दिन-रात करीब 100 रुपए से अधिक बसें संचालित होती हैं, जिन पर इस नई दर का सीधा असर पड़ा है।

**यात्रियों में असमंजस :** अचानक बढ़े किराए से अंजान यात्री बस स्टैंड पहुंच रहे हैं, तो कंडक्टर और एजेंटों के साथ किराए को लेकर बहस और मिन्नतें करते नजर आ रहे हैं।

**ग्रामीणों को मामूली राहत :** इटारसी के आसपास के ग्रामीण रूटों जैसे सिवनी मालवा, पिपरिया आदि के लिए किराए में नाममात्र की ही वृद्धि की गई है, जिससे दैनिक यात्रियों का बजट जैसे-तैसे संभल रहा है।

### किसने क्या कहा?

#### सरकार को सोचना था

राज्य सरकार को किराया वृद्धि का फैसला आम जनता की जेब देखकर सोच-समझकर लेना था। ग्रामीण इलाकों को छोड़ दें तो भोपाल-इंदौर जैसी लंबी दूरी का सफर अब बहुत महंगा हो गया है। हम यात्री इस बेतहाशा किराया वृद्धि का विरोध करते हैं।

**विनीत राठी**, बस यात्री

#### 4 महीने की लंबित मांग पूरी हुई

डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे थे, जिससे बस चलाना मुश्किल हो रहा था। हमारी 4 महीने पुरानी मांग को सरकार ने 5 अगस्त को स्वीकार कर लिया है। ग्रामीण रूटों पर नाममात्र का ही किराया बढ़ा है, केवल लंबी दूरी पर नियमानुसार दरों में संशोधन हुआ है।

**प्रेमनारायण साहू**, बस संचालक

**शासकीय कार्य में बाधा :** नपा

# कर्मचारी से मारपीट पर केस दर्ज

जागरण, इटारसी। नगर पालिका कर्मचारी से मारपीट, गाली गलौच, जान से मारने की धमकी पर कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

नपा की स्वच्छता शाखा के निर्देशानुसार कर्मचारी अभिषेक यादव शहर की मुख्य सड़कों पर घूम रहे गोवंशों की निगरानी व उन्हें हटाने के कार्य में जुटे थे। इसी दौरान आरोपी मवेशी मालिक दिलीप यादव ने मौके पर पहुंचकर न केवल शासकीय कार्य में व्यवधान डाला, बल्कि अभिषेक के साथ गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मार दिया और भविष्य में मवेशियों पर हाथ लगाने पर जान से मारने की धमकी दी। इस कृत्य को बेहद गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका प्रशासन ने थाना प्रभारी इटारसी को कड़ा पत्र भेजा और पीड़ित कर्मचारी को अधिकृत कर एफआईआर दर्ज कराई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पत्र की प्रतियां कलेक्टर नर्मदापुरम, एसडीएम इटारसी और नगर पालिका अध्यक्ष को भी भेजी हैं। पुलिस ने आरोपी पर नामजद मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**जुर्माने से नहीं सुधरे, अब सीधे जेल की तैयारी :** नगर पालिका शहर की व्यवस्था सुधारने के लिए अपने नियमित अमले के साथ-साथ ठेके पर भी कर्मचारियों को मवेशी धरपकड़ अभियान में लगाती है। नपा द्वारा लगातार जुर्माना ठोंका गया, लेकिन मवेशी मालिकों की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। इसी हठधर्मिता और गुंडागर्दी पर अंकुश लगाने के लिए अब नगर पालिका ने नीति बदल दी है। अब मवेशी मालिकों के खिलाफ सीधे थाने में मामला दर्ज कराया जाएगा।

### दूध निचोड़ा और सड़क पर छोड़ा

शहर में मानसून आते ही सूखी और साफ जगह की तलाश में मवेशी हाईवे, मुख्य बाजारों और वार्डों की सड़कों के बीचों-बीच डेरा जमा लेते हैं। मवेशी पालकों की कार्यप्रणाली बेहद गैर-जिम्मेदाराना हो चुकी है दूध देने वाले जानवरों का दूध निकालकर उन्हें बाहर खदेड़ दिया जाता है और जो जानवर अनुपयोगी हैं, उन्हें स्थायी रूप से लावारिस छोड़ दिया जाता है।

- >> **बेअसर साबित होते हॉर्न :** सड़कों पर बैठे ये मवेशी वाहनों के हॉर्न बजाने पर भी नहीं हिलते। रात के अंधेरे में तेज रफ्तार वाहनों के इनसे टकराने के कारण कई मवेशियों की अकाल मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों राहगीर गंभीर रूप से घायल होकर अपनी जान गंवा चुके हैं।
- >> **ध्वनि प्रदूषण और रहवासी परेशान :** मवेशियों को हटाने के लिए वाहनों द्वारा लगातार बजाए जाने वाले हॉर्न से आसपास के रहवासियों का जीना दुश्वार हो चुका है।

# राज्यसभा सांसद की निधि से विकास के लिए 14 लाख मंजूर

जागरण, इटारसी। भारतीय जनता पार्टी के जिला सह मीडिया प्रभारी राजा तिवारी ने जानकारी दी है कि राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नरोलिया ने इटारसी नगर पालिका क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए अपनी सांसद निधि से कुल 14 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। कार्यालय जिला योजना एवं सांख्यिकी, नर्मदापुरम के पत्र के अनुसार, यह राशि विकास कार्यों के लिए आंटित की गई है।

सांसद प्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सांसद माया नरोलिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### सड़क निर्माण

वार्ड 23 अहिल्यानगर में मानवेन्द्र पांडे के मकान से मुकेश मैना के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण (3,00,000 रुपये)

### पार्क सौंदर्यीकरण

वार्ड 02 शास्त्री नगर (पुरानी इटारसी) में वर्मा कालोनी स्थित पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य (2,00,000 रुपये)

### पेजयल समाधान

नगर के विभिन्न वार्डों में जल संकट से निजात दिलाने के लिए 6 स्थानों पर समर्सिबल पंप सहित नलकूप खनन कार्य कराए जाएंगे, जिनमें शामिल हैं।

- >> वार्ड 27 बजरंगपुरा (राज टॉकीज) में अमित किराना के पास (1,50,000 रुपये)
- >> वार्ड 32 सुभाषगंज के महावीर मंदिर एरिया में दूसरी लाइन में (1,50,000 रुपये)
- >> वार्ड 03 सरदार पटेलपुरा (पुरानी इटारसी) में माठिया बाबा के पास (1,50,000 रुपये)
- >> वार्ड 19 मालवीगंज के विश्वकर्मा नगर में (1,50,00 रुपये)
- >> वार्ड 06 अंबेडकर नगर (पुरानी इटारसी) की वाल्मिक बस्ती में (1,50,000 रुपये)
- >> वार्ड 26 भगतसिंह नगर, बोर्डिंग स्कूल के पीछे (1,50,000 रुपये)

**हाईटेक चोरी :** घर के बाहर

# खड़ी इनोवा कार चोरी

जागरण, इटारसी। ताज शोरूम पुरानी इटारसी के सामने स्थित आवास के बाहर खड़ी इनोवा क्रिस्टा गाड़ी क्रमांक एमपी 04 बीसी 5425 पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। वाहन मालिक उमेश पप्पी पटेल ने बताया कि उन्होंने हमेशा की तरह अपनी गाड़ी रात को घर के बाहर खड़ी की थी, जो सुबह करीब 4 बजे उच्च तकनीक से लॉक खोलकर चुरा ली गई। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि चोर गाड़ी को सनखेड़ा रोड से फोर लेन होते हुए यादव ढाबा तक ले गए, जिसके बाद से वाहन का कोई सुराग नहीं मिला है। गाड़ी को कहीं छिपाकर रखे जाने की आशंका जताई जा रही है। वाहन मालिक और पुलिस तलाश में जुटी हुई है, जिसके तहत पुलिस बैतूल तक खोजबीन कर चुकी है और केसला की तरफ गाड़ी न जाने की बात सामने आई है।

# लायंस क्लब 'इटारसी कपल' ने ली शपथ : सेवा का नया संकल्प

जागरण, इटारसी। इंटरनेशनल सर्विस आर्गेनाइजेशन 'लायंस क्लब 3233 जी-2 के चर्चित क्लब 'इटारसी कपल' की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह संस्थापक प्लैटिनम रिजॉर्ट में संपन्न हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ महेश मालवीय और गायत्री मालवीय मौजूद रहे। वहीं, संस्थापक अधिकारी के रूप में इटारसी के वरिष्ठ पीडीजी एमजेएफ अनिल कुमार झा तथा नर्मदापुरम से रीजन चेयरपर्सन पीएमजेएफ डॉ. शैलेंद्र नेमा ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान लायन अनिल कुमार झा ने सत्र 2026-27 के लिए नए पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई। अध्यक्ष डॉ. रविंद्र गुप्ता, सचिव डॉ. अभिषेक सोनी कोषाध्यक्ष डॉ. विजयंत बड़कुल ने शपथ ग्रहण की। क्लब का दायरा और कुनबा बढ़ाते हुए इस वर्ष 5 नए कपल मेंबर्स को संस्था से जोड़ा। डॉ. शैलेंद्र नेमा ने सभी नए सदस्यों को निष्ठापूर्वक सेवा करने की शपथ दिलाकर क्लब की आधिकारिक सदस्यता ग्रहण कराई जिनमें डॉ. प्रियंक पूनम मिश्रा, आजाद सोनिया जैन, विवेक प्रीति वर्मा, कृष्णकांत नैंसी अग्रवाल और प्रदीप संध्या जैन शामिल हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था आयोजन समिति की राशि लोकेश साहू एवं वंदना ओझा के मार्गदर्शन में रही। मंच का संचालन चार्टर प्रेसिडेंट प्रीति अभय दुबे एवं डॉ. राकेश लीना बत्रा ने किया। आयोजन में इटारसी के सहयोगी क्लबों फ्रेन्ड्स, पंख, मैत्री, समर्पण, सुदर्शन के साथ नर्मदापुरम और माखननगर के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए। डॉ. पूजा गुप्ता, विनीता बड़कुल, पारस-निकिता जैन, डॉ. संजय-अर्चना गुप्ता, संजय-श्रद्धा अग्रवाल, हरीश-बबीता अग्रवाल, सुनील-शिल्पी सराठे, मनोज-काजल साहू एवं किरण अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जागरण, इटारसी। आदिम जाति कल्याण एवं जनजाति कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने आज 7 अगस्त को सुखतवा स्थित सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सांदीपनि विद्यालय के नोडल अधिकारी नीलेश रघुवंशी, जनजाति कार्य विभाग के उपयुक्त सिद्धार्थ मित्रा, सहायक आयुक्त विवेक नागवंशी और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

प्रमुख सचिव ने विद्यालय के नवीन निर्माण भवन और विभाग द्वारा प्रदाय किए गए फर्नीचर का बारीकी से मुआयना किया तथा निर्माण एजेंसी के इंजीनियर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों और शिक्षकों से सीधे संवाद किया। बच्चों द्वारा संगीत वाद्य यंत्रों का उपयोग करते देख और संगीत शिक्षक की जानकारी लेकर उन्होंने विशेष प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही, विद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया, प्रयोगशालाओं की स्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता और प्राचार्य प्रदीप सिंह राजपूत से परिसर के रख-रखाव व वृक्षारोपण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

**अभियान** | विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# मातृ-शिशु स्वास्थ्य के प्रति दी गई महत्वपूर्ण सीख

जागरण, इटारसी। महिला एवं बाल विकास विभाग इटारसी परियोजना के अंतर्गत 1 से 7 अगस्त तक आयोजित विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन हो गया है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों, आशा, एएनएम और स्थानीय समुदाय के सहयोग से गर्भवती व धात्री माताओं को मातृ-शिशु पोषण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जन्म के 1 घंटे के भीतर स्तनपान, शुरुआती 6 माह तक केवल मां का दूध, आईएमएस एक्ट 1992 की जानकारी तथा सामुदायिक सहभागिता पर विशेष फोकस रहा। यह आयोजन परियोजना अधिकारी योगेश घाघरे के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षकों के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



### 140 आंगनबाड़ी केंद्रों में रोपे पौधे

कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय जैन के निर्देशन में एक पेड़ बेटी के नाम अभियान के तहत इटारसी परियोजना के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लाड़ली बालिकाओं, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय की उपस्थिति में कुल 140 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ बेटी सम्मान का संदेश दिया गया।

### पथरोटा में मना विश्व स्तनपान सप्ताह

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना केसला के अंतर्गत पथरोटा 1 के आंगनबाड़ी केंद्र 50 एवं 51 में सेक्टर पर्यवेक्षक चेतना ढीवरे के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को स्तनपान का महत्व समझाते हुए स्तनपान विकल्प नहीं संकल्प है के ध्येय वाक्य के साथ शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मातृ सहयोगिनी समिति की सदस्याएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

### दस्तक अभियान का आयोजन

विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर वार्ड 11 में आशा कार्यकर्ता विनम लोवंशी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना साहू ने धात्री व गर्भवती माताओं को जागरूक किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि मां का पहला पीला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) बच्चे के लिए पहले प्राकृतिक टीके की तरह है। इस दौरान स्थानीय पार्षदों ने भी वार्डवासियों से बच्चों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही, मुस्कान बालिका गृह में लाड़ली बालिकाओं द्वारा एक पेड़ बेटी के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।

### नल-जल योजना का अधूरा काम बना आफत

जागरण, इटारसी। मेहरागांव में सी-केबिन के पास जल जीवन (नल-जल) योजना के तहत पाइपलाइन और नल कनेक्शन देने के लिए खोदा गया गड्ढा अब ग्रामीणों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। कनेक्शन बांटने के फेर में सड़क के बीचों-बीच गड्ढा तो खोद दिया गया, लेकिन काम पूरा होने के बाद जिम्मेदार ठेकेदार इसे मलबे से भरकर समतल करना भूल गए। ठेकेदार की इस लापरवाही के कारण आए दिन वाहन चालक इस गड्ढे में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

लापरवाही की इंतहा आज उस वक्त देखने को मिली, जब सुबह स्कूली बच्चों से भरा एक ऑटो इस गहरे गड्ढे में अचानक धंस गया। गड्ढे में ऑटो फंसते ही चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि आसपास मौजूद स्थानीय रहवासियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद ऑटो को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों में ठेकेदार और संबंधित विभाग की इस अनदेखी को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि इस जानलेवा गड्ढे को जल्द दुरुस्त नहीं किया, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# मजदूर संघ : 80 प्रतिशत सदस्यता लक्ष्य पूरा, 5 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



जागरण, इटारसी। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के नेतृत्व में मुख्य शाखा इटारसी द्वारा भोपाल मंडल के निर्देशानुसार 80 प्रतिशत सदस्यता का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। भारी बारिश और विषम परिस्थितियों के बावजूद परिचालन व वाणिज्य विभाग के लगभग 80 रेलवे कर्मचारियों के सदस्यता फॉर्म भरकर जमा किए गए, साथ ही सीवायएम नया इटारसी के पॉइंट्समैन और एएसएम की भी सदस्यता ली गई।

इस दौरान मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर, नितिन ओंकार, प्रीतम तिवारी, योगेश चौरे, धीरज, रोहित रैकवार, मुकेश, ज्ञानेंद्र दुबे, नीरज, नूतन सहित संघ के तमाम युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसकी जानकारी संघ के आजीवन सदस्य प्रीतम तिवारी ने दी।

### गतिविधियां व ज्ञापन

**परिचालन विभाग की समस्याएं :** परिचालन विभाग की 5 सूत्रीय मांगों को लेकर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के नाम ज्ञापन दिवाकर को सौंपा गया।

**चिकित्सा सुविधाएं :** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (भोपाल) के नाम नया यार्ड इटारसी के रेलवे चिकित्सा अधीक्षक डॉ. फर्जिन को ज्ञापन सौंपा गया, ताकि सैकड़ों रेलवे कर्मचारियों को सुगमता से चिकित्सा लाभ मिल सके।

# एमएसपी से लेकर 26 हजार न्यूनतम वेतन तक 10 अगस्त को बुलंद होगी मांगों के लिए आवाज

## 10 अगस्त के राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारी तेज, सीटू ने बनाई रणनीति




**बैतूल जागरण।**
**सीटू ( सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस ) जिला समिति की बैठक शुक्रवार को पाल भवन, मोती वार्ड में जिला अध्यक्ष कामरेड कुंदन राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 10 अगस्त को ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में विभिन्न श्रमिक एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आंदोलन की रूपरेखा और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।**

बैठक का संचालन जिला महासचिव कामरेड जगदीश डिगरसे ने किया, जबकि जिला सचिव कामरेड किशोरी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अगस्त को हमलापुर से जागरूकता रैली निकाली जाएगी, जिसके माध्यम से श्रमिकों, किसानों और आम नागरिकों को आंदोलन की मांगों और उद्देश्यों से अवगत कराया जाएगा। इसके बाद 10 अगस्त को जिला मुख्यालय पर विभिन्न ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन किया जाएगा तथा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। सीटू नेताओं ने अधिक से अधिक श्रमिकों, किसानों और कर्मचारियों से आंदोलन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रव्यापी आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार से चारों श्रम संहिताएं (लेबर कोड) वापस लेने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। इसके साथ ही स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सभी कृषि उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी तथा समय पर खाद, बीज और अन्य कृषि संसाधन उपलब्ध कराने की मांग भी की जाएगी। नेताओं का कहना था कि इन मांगों के पूरा होने से किसानों और श्रमिकों दोनों को राहत मिलेगी। बैठक में श्रमिकों से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इनमें सभी श्रमिकों के लिए 26 हजार रुपये मासिक न्यूनतम वेतन , आठ घंटे का कार्यदिवस लागू करना, मनरेगा को प्रभावी तरीके से लागू करना, शहरी क्षेत्रों में रोजगार गारंटी योजना शुरू करना, 200 दिन का रोजगार और 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित करना प्रमुख मांगें शामिल हैं। इसके अलावा बिजली संशोधन विधेयक-2025 को वापस लेने, बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने, स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया रोकने तथा बढ़े हुए बिजली बिलों को वापस लेने की मांग भी आंदोलन के एजेंडे में शामिल की गई है। साथ ही घरेलू रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करने की मांग भी उठाई जाएगी। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सीटू नेताओं ने उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन लागू करने तथा वर्ष 2018 से लंबित 48 माह के अतिरिक्त मानदेय का भुगतान करने की मांग दोहराई। इस दौरान उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश और राज्य सरकार द्वारा उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दिए जाने की जानकारी भी बैठक में साझा की गई। नेताओं ने कहा कि इन कर्मचारियों को लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## योग, आसान प्राणायाम से शरीर में रहती है स्फूर्ति

**मुलताई।** नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में बीते सात दिनों से योग शिविर चल रहा था जिसमें गायत्री परिवार मुलताई के योगाचार्य नारायण देशमुख द्वारा योग,आसान प्राणायाम एवं ध्यान आदि का प्रशिक्षण दिया गया । इस सात दिवसीय योग शिविर में योग आसान प्राणायाम ध्यान का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी अक्की जैन ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि प्रतिदिन आसान ,प्रज्ञा योग, एवं प्राणायाम एवं ध्यान करने से दिन भर स्फूर्ति एवं मन प्रफुल्लित रहता है इस योग शिविर में गायत्री परिवार के योगाचार्य नारायण देशमुख द्वारा प्रतिदिन सूक्ष्म यौगिक क्रियाओं के साथ ताड़ासन,वृक्षासन,चक्की चालन,प्रज्ञा योग, सूर्य नमस्कार,सहित अनुलोम विलोम,कपालभाति,भ्रामरी प्राणायाम के साथ साथ ध्यान करने का भी अभ्यास कराया इस योग शिविर में राजू जैन ,प्रमोद जैन,सुधाकर जैन,रविप्रकाश खड़के,वैशाली डबरे ,अर्चना वाकेकर,साधना वाकेकर,अर्चना गड़ेकर, मीना जैन आदि भाई बहनों ने प्रतिदिन समय पर उपस्थित होकर योग आसान प्राणायाम ध्यान कर लाभ प्राप्त किया एवं प्रतिदिन एक घंटा योग करते रहने का संकल्प लिया।इस शिविर के माध्यम से योगाचार्य नारायण देशमुख ने कहा कि हमारे आने वाली पीढ़ी को सही दिशा एवं मार्गदर्शन देने ,बच्चों को नैतिक शिक्षा ,संस्कार एवं सनातन संस्कृति एवं से जोड़ने हेतु बाल संस्कार शाला प्रारंभ करने हेतु भी आग्रह किया गया।

## शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता में जिला स्तर के लिए हुआ चयन

**मुलताई।** प्रभात पट्टन रोड पर ग्राम चौथिया समीप स्थित ड्रीम्ज प्ले पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को खंड स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ स्कूल संचालक राजेश बघेल, प्राचार्य कविता लिखितकर , सेवा निवृत्त खेल शिक्षक महेश खत्री द्वारा किया गया।विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी कामना साबले ने बताया विकासखंड स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में 250 बालक बालिकाओ ने भाग लिया।जिसमे सांदीपनी स्कूल मुलताई ,पीएम श्री कन्या स्कूल मुलताई, शासकीय नवीन हॉयर सेकंडरी स्कूल मुलताई, शासकीय हॉयर सेकंडरी स्कूल जौलखेड़ा, सोनोरा हायर सेकंडरी स्कूल, खेडीकोर्ट हायर सेकंडरी स्कूल , साईंखेड़ा हॉयर सेकंडरी स्कूल , दुनावा हॉयर सेकेण्डरी स्कूल, पाड़सिंगा हॉयर सेकंडरी स्कूल अशासकीय स्कूल में ड्रीम्ज पब्लिक स्कूल मुलताई , गुरुकुल स्कूल मुलताई , वी आई पी स्कूल मुलताई , न्यू कार्मल स्कूल मुलताई की टीम शामिल हुई। प्राचार्य कविता लिखितकर ने कहा खेल के माध्यम से छात्रों का शारिरिक ओर मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में श्रीमती वनिता माथनकर ,स्वाती कंडारी , मिट्ठू रॉय, खुशबू सागरे, चन्दा साहू, पुष्पा चरपे, शिक्षकों में श्री के एल अतुलकर, अनिल तुरीया, सुनील कासदेव, विजय रायपुरे, शिव अवस्थी , सतीश पवार, अमित कुमार, अशोक गजाम आदि शिक्षको का सहयोग रहा स्कूल संचालक महोदय श्री राजेश बघेल द्वारा निर्णायक टीम को मैडल देकर पुरस्कृत किया गया।

## कलेक्टर ने किया चिखलीकला माध्यमिक शाला का निरीक्षण, सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**मुलताई।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत शुक्रवार को कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिखलीकला में शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से गुणा-भाग एवं पहाड़े पूछकर उनकी शैक्षणिक दक्षता परखी।कलेक्टर ने शिक्षकों से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को ओलंपियाड प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराए जाने की जानकारी प्राप्त की।उन्होंने विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कराने के लिए प्रेरित किया।कलेक्टर ने स्कूल का निरीक्षण करते हुए विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने डेस्क, विद्युत व्यवस्था, शौचालय सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा बाउंड्री वॉल निर्माण से पूर्व सीमांकन की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे भोजन के निर्धारित मेनू की जानकारी ली तथा स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता परखी।इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्य पालन अधिकारी इंदिरा महतो, डिप्टी कलेक्टर कामिनी ठाकुर, एसडीएम राजीव कहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कलेक्टर श्री सोनवणे ने पंचायत भवन चिखलीकला के शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सड़क, नाली, पेयजल, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं रखी गईं, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम में पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना की पाइपलाइन का कार्य अभी अधूरा है। इस पर कलेक्टर ने जल निगम के संबंधित अधिकारी को रक्षाबंधन के पूर्व ठेकेदार के माध्यम से पाइपलाइन बिछाने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्धा डैम पर इंटेक वेल एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि ग्राम में बाहर से आकर शराब बेची जाती है। शराब बिक्री बंद कराने के लिए दिए गए आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीओपी को संबंधित दुकान सील कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने फसल बीमा की राशि खाते में जमा नहीं होने की शिकायत भी की। इस पर कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधूरे नाली निर्माण की शिकायत पर कलेक्टर ने एनएचएआई के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खेरवानी के ग्राम हिवरा के मरघट ढाना में ग्रामीणों ने बिजली संबंधी समस्या से अवगत कराया। साथ ही सोलर उपकरणों की खराब गुणवत्ता की शिकायत भी की। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को संबंधित विषय में पत्र लिखने के निर्देश दिए। रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने पटवारी को मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## मां ताप्ती का जल लेकर रवाना हुई सर्व मंगल कावड़ यात्रा



**मुलताई।** मां ताप्ती की उदगम स्थली से ताप्ती सरोवर पर पूजा अर्चना कर कावड़ में ताप्ती जल लेकर हर हर महादेव के जयकारे के साथ शुक्रवार दोपहर सर्वमंगल कावड़ यात्रा शिवधाम सालबर्डी के लिए रवाना हुई। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या श्रद्धालू हर-हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए गाजे बाजे के साथ भक्ति गीतों पर कंधों पर कांवड़ उठाकर आगे बढ़े। कावड़ यात्रा में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भाजपा नेता बबला शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार,माधुरी साबले साबले सहित भाजपाई बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कावड़ यात्रा का प्रथम रात्रि पड़ाव आष्टा में होगा जहां श्रद्धालु रात्रि विश्राम करेंगे। 8 अगस्त को यात्रा आष्टा से गेहूंबारसा के लिए रवाना होगी और जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। 9 अगस्त की सुबह यात्रा गेहूंबारसा से सालबर्डी के लिए प्रस्थान करेगी तथा शाम तक सालबर्डी पहुंचकर विश्राम करेगी। 10 अगस्त की सुबह सभी श्रद्धालु प्राचीन शिवधाम की गुफा में पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक, पूजन-अर्चन और आरती करेंगे। सर्वमंगल कावड़ यात्रा के प्रमुख गणेश साहू,उपेंद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए।

## प्रभातपटन में अवैध शराब झूठा केस बनाने से लोग नाराज



**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम प्रभात पट्टन निवासी एक युवक पर अवैध शराब का झूठा प्रकरण दर्ज कर घर में घुसकर पुलिस द्वारा मारपीट करने के आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला के साथ ग्रामीणों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को सम्बोधित ज्ञापन एसडीओपी एसके सिंह को सौपा है। प्रभात पट्टन निवासी आवेदिका शारदा नायक पति अनिल नायक ने ज्ञापन में बताया उसके पति अनिल नायक 1 अगस्त को अपनी बहन अनिता नायक से मिलने गए हुए थे। शाम करीब 7:30 बजे एसआई दिनेश कुम्भरे,आरक्षक लक्ष्मी, आरक्षक कमेलश मेरे नंनद के यहा आए तथा उनके बाल पकड़ कर उनसे मार पीट करने लगे। अपनी बहन के बचाव में मेरे पति ने पुलिस वालो से हाथा पाई की। पुलिस वालो ने मेरे पति को भर बाजार पीटते हुए पुलिस चौकी पैदल ले गए। उक्त कृत्य बिना किसी महिला अधिकारी कर्मचारी के किया गया।मेरे पति को पुलिस चौकी ले जाते समय उनके पास से कोई भी शराब की जब्ती नहीं की गई उन्हे पुलिस वालो द्वारा शाम 7:30 बजे गिरफ्तार किया गया जबकि पुलिस रिपोर्ट के अनुसार 11.05 पर अन्य स्थान से गिरफ्तारी व जप्ती दिखाई गई,पुलिस द्वारा उसके पति को षड्यंत्र पूर्वक झूठे अपराध में फसाने की कोशिश है।ज्ञापन में मामले की जांच कर दोषी पुलिस अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अमर यादव ने राजनीति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की



**जागरण,खंडवा।** शहर के सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े अमर यादव ने स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर से राजनीति विज्ञान विषय में विद्या वाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध विषय "वैश्विक शासन व्यवस्था पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का राजनीतिक प्रभाव" रहा। शोध कार्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के वैश्विक राजनीति, शासन व्यवस्था, नीतिगत निर्णयों और प्रशासनिक तंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण किया गया है। इसमें तकनीकी बदलावों के बीच वैश्विक शासन प्रणाली के सामने उभरती चुनौतियों और संभावनाओं का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। नगर निगम के वरिष्ठ प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पीएचडी उपाधि प्राप्त करने के बाद उन्हें औपचारिक रूप से डॉ. आशीष यादव के नाम से संबोधित किया जाएगा। डॉ. आशीष यादव नगर निगम में पार्षद और अध्यक्ष सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वे खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव के पति तथा पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ पहलवान स्वर्गीय हुकुमचंद यादव के पुत्र हैं। सामाजिक, राजनीतिक और जनसेवा के क्षेत्र में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है।

## सिंहस्थ-2028 से पहले ओंकारेश्वर के रेल विकास कार्य पूरे करने की मांग

**जागरण,खंडवा।** खंडवा-बुरहानपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने लोकसभा में नियम-377 के तहत सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर ओंकारेश्वर क्षेत्र के रेल विकास कार्यों का मुद्दा उठाया है। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री का ध्यान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए रेल सुविधाओं के विस्तार और लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने की ओर आकर्षित किया है। प्रवक्ता सुनील जैन और मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि सांसद ने हाल ही में निर्माणाधीन ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने सिंहस्थ के दौरान संभावित यात्री दबाव को देखते हुए स्टेशन पर आवश्यक सुविधाओं और अधोसंरचना में कुछ कमियां चिन्हित की थीं, जिनकी जानकारी रेलवे अधिकारियों को भी दी गई थी।

# चार साल का रिपोर्ट कार्ड लेकर मीडिया के सामने आई महापौर परिषद



**जागरण,खंडवा।** नगर निगम महापौर परिषद के चार वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को शहर के एक निजी होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर चार वर्षों के विकास कार्यों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड मीडिया के सामने रखा गया। महापौर अमृता अमर यादव ने "संकल्प से सिद्धि तक" विषय पर प्रस्तुतीकरण देते हुए दावा किया कि वर्ष 2022 में जनता से किए गए अधिकांश वादे पूरे किए जा चुके हैं, जबकि शेष महत्वपूर्ण परियोजनाएं अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने पेयजल, सड़क, सीवरेज, जल संरक्षण, आवास, रोजगार, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर "अमृत खंडवा" की मजबूत आधारशिला रखी है।

प्रेस वार्ता में नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य सोमनाथ काले, विक्की भांवरे, राजेश यादव, अनिल वर्मा, आशीष चटकेले, निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, प्रवक्ता सुनील जैन सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क और ट्रांसपोर्ट नगर पर करोड़ों का निवेश

महापौर ने बताया कि शहर के भविष्य को ध्यान में रखते हुए 36.70 करोड़ रुपये की एमआर-12 से एमआर-13 सड़क परियोजना का डीपीआर शासन को भेजा गया है। 7.97 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया जा रहा है, जहां 319 भूखंड तैयार किए गए हैं और 113 का आवंटन हो चुका है। इसके अलावा लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से 16.92 किलोमीटर बीटी सड़क तथा करीब सात किलोमीटर सीसी सड़क बनाई गई है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत 10 करोड़ रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि 8.17 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कार्य प्रगति पर हैं।

### 97 प्रतिशत पूरी हुई पेयजल परियोजना

महापौर ने कहा कि शहर की सबसे बड़ी समस्या पेयजल संकट के समाधान को प्राथमिकता दी गई। अमृत 2.0 योजना के तहत 37.50 किलोमीटर ट्रांसमिशन पाइपलाइन, 800 मिमी डीआई-के-9 पाइपलाइन, 13.60 एमएलडी क्षमता का आधुनिक जल शोधन संयंत्र, पांच नए ओवरहेड टैंक और लगभग 2500 नए घरेलू जल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना 97 प्रतिशत पूरी हो चुकी है और इसके पूरा होने पर शहर को लंबे समय के लिए जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है।

### 212 करोड़ की सीवरेज परियोजना पर काम जारी

उन्होंने बताया कि 212.37 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सीवरेज नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इसके तहत 252 किलोमीटर भूमिगत पाइपलाइन, दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, पांच पंपिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं। अब तक 32 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है तथा 1458 आईसी चैंबर और 1347 मैनहोल तैयार किए जा चुके हैं।

### जल निकासी और जल संरक्षण पर विशेष फोकस

मानसून के दौरान जलभराव की समस्या कम करने के लिए 16.35 करोड़ रुपये की लागत से 3430 मीटर नए नालों का निर्माण कराया गया। साथ ही 57 प्रमुख नालों की सफाई कर सभी छह जोनों में नियमित सफाई अभियान चलाया गया।

जल संरक्षण के क्षेत्र में चार प्रमुख तालाबों का संरक्षण, दो कुंडों का जीर्णोद्धार, 24 कुओं की सफाई, नौ कुओं पर सुरक्षा जाली, तीन बावड़ियों का संरक्षण, 395 वर्षा जल संचयन संरचनाएं, 275 रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, 20 रिचार्ज पिट और 40 सोक पिट बनाए गए। इन प्रयासों के चलते जल गंगा संवर्धन अभियान में खंडवा को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान मिलने का दावा किया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से हजारों परिवारों को लाभ

महापौर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 6848 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 5266 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 1536 आवास निर्माणाधीन हैं। इस योजना पर करीब 150.17 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

### स्वनिधि योजना में प्रदेश में प्रथम स्थान का दावा

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 17,243 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 14,126 ऋण स्वीकृत हुए तथा 13,805 हितग्राहियों को राशि वितरित की गई। मार्च 2025 में इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए खंडवा नगर निगम को प्रदेश के सभी नगर निगमों में प्रथम स्थान मिलने का दावा भी किया गया।

### हरित विकास और महिला सशक्तिकरण पर भी जोर

नगर निगम ने 123 उद्यानों का संरक्षण, 87 उद्यानों का विकास, 15 ओपन जिम, 21 वॉकिंग ट्रैक, पांच फाउंटेन और एक ऑक्सीजन पार्क विकसित किया। वर्ष 2024 से 2026 के बीच करीब 2.63 लाख पौधारोपण किए गए। महिला सशक्तिकरण के तहत 154 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए, जिनमें 135 समूहों को ऋण उपलब्ध कराया गया तथा 114 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया।

### सात लाख से अधिक लोगों को मिला रसोई योजना का लाभ

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के तहत अप्रैल 2022 से जुलाई 2026 तक चार रसोइयों के माध्यम से 7.05 लाख से अधिक भोजन कूपन वितरित किए।

**चार साल की प्रमुख उपलब्धियां**

36.70 करोड़ की नई सड़क परियोजना का प्रस्ताव।
7.97 करोड़ से ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण।
16.92 किमी बीटी और 7 किमी सीसी सड़क निर्माण।
अमृत 2.0 की पेयजल परियोजना 97 प्रतिशत पूर्ण।
212.37 करोड़ की सीवरेज परियोजना पर कार्य जारी।
6848 आवास स्वीकृत, 5266 पूरे।
13,805 हितग्राहियों को स्वनिधि योजना का लाभ।
2.63 लाख पौधारोपण और एक ऑक्सीजन पार्क विकसित।
जल गंगा संवर्धन अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान।
7.05 लाख से अधिक भोजन कूपनों का वितरण।

## थाली में निकली इल्लियां तो फूटा छात्रों का गुस्सा



**जागरण,खंडवा।** सरकारी छात्रावास में परोसे गए भोजन में इल्लियां मिलने के बाद शुक्रवार को छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज छात्र हाथों में भोजन की थालियां लेकर छात्रावास से कलेक्ट्रेट तक पहुंच गए और जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। छात्रों का आरोप है कि खराब भोजन परोसने की शिकायत कोई नई नहीं है, बल्कि ऐसी स्थिति महीने में कई बार बनती है, लेकिन व्यवस्था सुधारने के बजाय शिकायतों को नजरअंदाज किया जाता है।

### दाल में इल्लियां, छोड़ा खाना

छात्रों के अनुसार शुक्रवार को दोपहर में परोसी गई दाल-चावल में इल्लियां मिलीं। उनका आरोप है कि खराब गुणवत्ता का अनाज इस्तेमाल किया जाता है और उसी से भोजन तैयार कर परोस दिया जाता है। छात्रों ने यह भी कहा कि कई बार अधपका भोजन दिया जाता है और शासन द्वारा तय मेन्यू का भी पालन नहीं किया जाता।

### कर्मचारियों पर गंभीर आरोप

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रावास के कुछ कर्मचारी शराब के नशे में ड्यूटी पर आते हैं और उसी हालत में भोजन तैयार करते हैं। छात्रों का कहना है कि उनसे शराब पीने के लिए पैसे भी मांगे जाते हैं। पैसे नहीं देने पर घरवालों से झूठी शिकायत करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया। छात्रों का दावा है कि इन शिकायतों से अधिकारियों को पहले भी अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### थालियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे


भोजन की गुणवत्ता और कर्मचारियों के कथित व्यवहार से नाराज छात्रों ने छात्रावास से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। हाथों में भोजन की थालियां लेकर पहुंचे छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई तथा छात्रावास की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की।

### जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित

सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने बताया कि छात्रों से खराब भोजन और कर्मचारियों के व्यवहार संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित कर छात्रावास भेजा गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य से भी रिपोर्ट तलब की गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मनाया हरियाली तीज मिलन समारोह

**जागरण,खंडवा।** श्री अग्रवाल समाज खंडवा के अग्रवाल महिला मंडल ने श्रावण मास के अवसर पर हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन शहर स्थित बालाजी धाम उद्यान में किया। कार्यक्रम की थीम ओल्ड मेमोरीज (रेट्रो थीम) रखी गई, जिसमें समाज की महिलाओं ने ब्लैक एंड व्हाइट साड़ी पहनकर सहभागिता की। कार्यक्रम में श्रावण मास और हरियाली तीज के सांस्कृतिक महत्व पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक झूलों का आनंद लिया तथा विभिन्न मनोरंजक एवं समूह आधारित खेलों में भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य आपसी मेलजोल, पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्य एवं मार्गदर्शक स्वर्गीय सुशीला गोयल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महिला मंडल की सचिव माया गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में मंडल की अध्यक्ष मंजू गुप्ता,उपाध्यक्ष गायत्री गोयल,सहसचिव उमा अग्रवाल, पूर्व पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाज की सदस्याएं उपस्थित रहीं।



### प्रभारी मंत्री ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान गंदगी देखकर जताई नाराजगी

# प्रभारी मंत्री सारंग ने कसा तंज: क्या सफाई तभी होती है जब मैं आता हूं



**जागरण, हरदा।** जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग शुक्रवार को लंबे समय बाद हरदा पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इसी दौरान एक बुजुर्ग महिला मंत्री के पैरों में गिर पड़ी। निरीक्षण के दौरान मंत्री सारंग ने जिला चिकित्सालय में मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कलेक्टर को इमरजेंसी सुविधाओं तथा अन्य पूछताछ के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले के टीबी मरीजों को पोषण आहार किट भी वितरित की और अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## गंदगी देखकर सीएमएचओ पर जताई नाराजगी

ट्रामा सेंटर पहुंचने पर मंत्री ने सिटी स्कैन और एक्सरे रूम का निरीक्षण किया। जब वे बाहर आए तो परिसर में गंदगी देखकर सीएमएचओ डॉ एचपी सिंह पर नाराजगी जताते हुए पूछा यह क्या लगा रखा है। मंत्री के निरीक्षण के दौरान ही एक सफाई कर्मचारी रैंप पर कई दिनों से जमी गंदगी और परिसर के बाहर पड़े अनुपयोगी सामग्री को साफ करता नजर आया। मंत्री ने सफाई एजेंसी पर जुर्माना लगाने और पूरे परिसर में विशेष साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा क्या सफाई तभी होती है जब मैं आता हूं।

## महिला वार्ड में तीन घायल महिलाओं ने की शिकायत

निरीक्षण के दौरान मंत्री जब महिला वार्ड में पहुंचे, तो वहां भर्ती तीन घायल महिलाओं ने उनसे शिकायत की। इन महिलाओं ने राजस्व विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी सालों से कब्जे वाली जमीन का पट्टा किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया है। ग्राम भंवरतलाब निवासी गुलाब बाई अमकरे, उनकी बहन सावित्री रंगीले और सोनतलाई निवासी उनकी भाभी सुमंत्राबाई ने बताया कि उनके परिवार के पास वर्ष 1961 से 20 एकड़ जमीन है, जिस पर वे खेती करते आ रहे हैं। उनका आरोप है

कि राजस्व विभाग ने वर्ष 2003 में इसी जमीन का पट्टा कोरकू समाज के एक व्यक्ति को दे दिया, जिसका सीमांकन 30 जून 2026 को किया गया। इसी भूमि विवाद के चलते गांव के एक व्यक्ति ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर दोनों बहनों और उनकी भाभी के साथ मारपीट की, जिसके बाद तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिलाओं की शिकायत सुनने के बाद मंत्री सारंग ने कलेक्टर और एसपी को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री के हरदा से रवाना होने के बाद एसडीओपी शालिनी परस्ते जिला अस्पताल पहुंचीं और घायल महिलाओं से मामले की जानकारी ली।

# पहली बारिश भी नहीं झेल पाया हरदा-खंडवा स्टेट हाईवे का पैचवर्क, उखड़ने लगी सड़क



**जागरण, खिरकिया।** हरदा-खंडवा स्टेट हाईवे पर सड़क की बदहाल स्थिति और हाल ही में किए गए पेंचवर्क की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। सड़क पर जगह-जगह किए गए मरम्मत कार्य के बाद अब पहली बारिश में ही पेचवर्क उखड़ने लगा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता और मरम्मत कार्य की निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। मौके की तस्वीर में सड़क के बड़े हिस्से में गिट्टी उखड़ी हुई दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत कमजोर होकर टूटने लगी है। तेज बारिश के बाद स्थिति और खराब होने की आशंका है। हरदा-खंडवा स्टेट हाईवे एमपीआरडीसी के अंतर्गत आने वाली सड़क है, ऐसे में सड़क के रखरखाव और मरम्मत कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की है।

## पैचवर्क की गुणवत्ता पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर मरम्मत के नाम पर किए गए पेंचवर्क का टिकाऊपन पहली बारिश में ही सामने आ गया है। यदि बारिश के शुरुआती दौर में ही सड़क की मरम्मत उखड़ने लगे तो आगामी दिनों में भारी बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। सड़क पर बिखरी गिट्टी दोपहिया वाहन चालकों के लिए विशेष रूप से परेशानी का कारण बन रही है। तेज रफ्तार वाहनों के गुजरने पर गिट्टी उछलने और दोपहिया वाहन के फिसलने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

## जनता के पैसों का हो सही उपयोग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क की मरम्मत पर सरकारी राशि खर्च की जाती है। ऐसे में यदि मरम्मत कार्य कुछ ही समय में खराब हो जाए तो यह केवल सड़क की समस्या नहीं, बल्कि जनता के पैसों के उपयोग और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी से जुड़ा सवाल भी है। लोगों ने मांग की है कि सड़क की स्थिति का मौके पर निरीक्षण कराया जाए, पेचवर्क की गुणवत्ता की जांच की जाए और जहां मरम्मत उखड़ गई है वहां मानक के अनुरूप दोबारा कार्य कराया जाए। साथ ही जिम्मेदार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय करने की मांग उठ रही है। जनता का सवाल साफ है कि जब पहली बारिश में ही पेचवर्क उखड़ने लगे तो क्या सड़क की मरम्मत निर्धारित मापदंडों के अनुसार की गई थी। अब देखना होगा कि एमपीआरडीसी इस मामले में क्या कार्रवाई करती है।

## इनका कहना है

मुख्य मार्ग में जहां सडक की स्थिति ज्यादा खराब हो गयी है, वहां अभी पेचवर्क का काम किया जायेगा। बारिश के बाद सडक का कार्य पूर्ण करवाया जायेगा।

**भूपेंद्र कापसे,** सब इंजीनियर, एमपीआरडीसी।

# आश्वासन के बाद पटवारियों की हड़ताल स्थगित



**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश में पिछले चार दिनों से चल रही पटवारियों की अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आश्वासन के बाद स्थगित कर दी गई है। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद हरदा जिले सहित प्रदेशभर के पटवारी 7 तारीख की सुबह अपने कार्य पर लौट आए। हरदा जिले की ओर से मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा पटवारियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए उनके निराकरण की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद संघ ने फिलहाल आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है। प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पटवारी संघ के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि संघ की पांच प्रमुख मांगों में से तीन मांगों के संबंध में शासन द्वारा आदेश जारी किए जा चुके हैं। वहीं शेष दो मांगों के निराकरण के लिए 90 दिनों की समय-सीमा तय की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भोपाल में सुबह पटवारी संघ के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा करते हुए कहा कि पटवारियों की लंबित मांगों के परीक्षण एवं निराकरण के लिए राजस्व, वित्त एवं सामान्य प्रशासन विभाग की संयुक्त समिति गठित की जाएगी। समिति 90 दिनों में मांगों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करेगी। समिति के गठन संबंधी आदेश भी जारी किए जाने की बात मुख्यमंत्री ने कही है। राजीव जैन ने बताया कि पटवारियों की प्रमुख लंबित मांगों में पदोन्नति का मुद्दा भी शामिल है। प्रदेश के पटवारी पिछले करीब 18 वर्षों से पदोन्नति के अवसर से वंचित हैं। पदोन्नति के अवसर बंद होने के कारण पटवारियों में लंबे समय से असंतोष है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भरोसा दिलाया कि पटवारियों की पदोन्नति से संबंधित समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। साथ ही नायब तहसीलदार पद के लिए विभागीय परीक्षा नवंबर-दिसंबर में आयोजित किए जाने की प्रक्रिया भी की जा रही है। प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पटवारियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए समय-सीमा निर्धारित करना स्वागतयोग्य कदम है। हरदा जिले के समस्त पटवारियों की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने और आंदोलन स्थगित कराने के लिए हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# कृष्ण कुंज कॉलोनी का रास्ता बंद करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

## रास्ता बंद होने से आवागमन के साथ ही जल निकासी की समस्या भी होगी उत्पन्न



**जागरण, टिमरनी।** कृष्ण कुंज कॉलोनी के सार्वजनिक मार्ग को बंद किए जाने की आशंका को लेकर कानवा कॉलोनी के रहवासियों ने शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी टिमरनी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से रहवासियों ने कृष्ण कुंज कॉलोनी से होकर कानवा कॉलोनी आने-जाने वाले सार्वजनिक मार्ग पर आवागमन बाधित नहीं किए जाने तथा रास्ता बंद करने संबंधी आवेदन को निरस्त किए जाने की मांग की। ज्ञापन में रहवासियों ने बताया कि कृष्ण कुंज कॉलोनी नगर परिषद टिमरनी को विधिवत हैंडओवर की जा चुकी है। ऐसे में कॉलोनी की सड़कें एवं मार्ग सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध हैं और नागरिकों को उन पर आवागमन का अधिकार है। कानवा कॉलोनी के निवासी लंबे समय से इसी मार्ग का उपयोग करते हुए आवागमन कर रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि कृष्ण कुंज कॉलोनी के कुछ लोगों द्वारा कानवा कॉलोनी के रहवासियों का रास्ता बंद कराने के उद्देश्य से आवेदन दिया गया है। उनका कहना है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था से कोई विवाद है तो उसका समाधान संबंधित पक्षों के बीच किया जाना चाहिए। इसका खामियाजा सामान्य एवं निर्दोष रहवासियों को नहीं भुगतना चाहिए। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि कृष्ण कुंज कॉलोनी के निस्तार एवं ड्रेनेज का पानी भी कानवा कॉलोनी की ओर से निकलता है। यदि मार्ग को अवरुद्ध किया जाता है तो आवागमन के साथ ही जल निकासी की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है, जिससे बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर होने की आशंका है।

कानवा कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से सार्वजनिक मार्ग पर किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं किए जाने, रास्ता बंद करने संबंधी आवेदन को तथ्य एवं अभिलेखों के आधार पर निरस्त करने तथा आवागमन बाधित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही जनहित एवं कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए वर्तमान स्थिति बनाए रखने के आदेश जारी करने का आग्रह किया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेन्द्र धनगर, प्रशांत शांडिल्य, प्रमोद चौरे, अनिल रघुवंशी, सत्यम दोगने, जगदीश बांके, सुनील बागरे, वैभव तोमर, दीपक बांके, राकेश चौधरी एवं नरेन्द्र यदुवंशी सहित कानवा कॉलोनी के रहवासी शामिल रहे।

